nt>

Title: Need to introduce mobile telecommunication facilities in the rural areas of Nasik Parliamentary Constituency, Maharashtra. − Laid.

श्री देविदास पिंगले (नासिक) : अध्यक्ष महोदय, नासिक संसदीय क्षेत्र का पर्यटन, पुरातत्व शिक्षा, सांस्कृतिक तथा धार्मिक दृटि से अत्यधिक महत्व है। नासिक के नजदीक देवलाली छावणी क्षेत्र तथा अंबउ और सिन्नर औद्योगिक इकाइयां हैं। परन्तु, दूरसंचार सेवाओं की दृटि से नासिक शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र अभी तक देश की अन्य उन्नत क्षेत्रों की तुलना से अत्यधिक पिछड़ा है। हजारों ग्रामीण उपभोक्ता तथा सैंकड़ों छोटे-छोटे गांव अभी तक दूरसंचार सेवाओं से वंचित हैं।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि नासिक संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में डब्ल्यू.एल.एल. उपकरण, बी.एस.एन.एल सेल्युलर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करायें।